बंसी वाले की दुनिया दीवानी हो गयी

प्रेम की दीवानी राधा रानी हो गई,
बंसी वाले की दुनिया दीवानी हो गयी॥

मिठी मुरली मधुर बजावे री,
नीद चुरावे मोहन चैन चुरावे री,
मुरली की धुन पे मैं मस्तानी हो गई,
मुरली वाले की दुनिया दीवानी हो गयी॥

मोर मुकुट तेरी लट घुघराली,
बांकी अदा पे मैं जाऊं बलहारी,
सावली सूरत लुभानी हो गई,
मुरली वाले की दुनिया दीवानी हो गयी॥

तिरछे नैनो से ये जादू चलावे रे,
निरमोही तोहे तरस ना आवे रे,
दुनिया को भूल में अजानी हो गई,
मुरली वाले की दुनिया दीवानी हो गयी॥

ओ कान्हा अब दर्श दिखा जा,
भक्त कहे आ के दिल में समा जा,
तेरे नाम मेरी जिंदगानी हो गई,
मुरली वाले की दुनिया दीवानी हो गयी॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25244/title/bansi-wale-ki-duniya-diwani-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |